NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/80/21 Date : 6.6.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– मुख्यालय के सभी ब्लाको में AC की सुविधा प्रदान करना।
संदर्भ :– NCRES का पी.एन.एम. मद संख्या 1/8/2013

महोदय,

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे का प्रधान कार्यालय अपने जोन का सबसे महत्वपूर्ण कार्यालय होता है और वहाँ पर कार्यरत कर्मचारियों के कार्य का प्रभाव जोन के सभी मण्डलो पर पड़ता है। उत्तर भारत में पिछले कई वर्षो से प्रत्येक वर्ष 7–8 माह ज्यादा गर्मी पड़ रही है, और इस उमस भरी गर्मी में लगातार कार्य करते रहने के कारण कर्मचारी के स्वास्थ एवं कार्यक्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

यह भी अवगत कराना है कि प्रशासन प्रति वर्ष लाखो रूपये खर्च कर प्रधान कार्यालय के सभी ब्लाको में नये कूलर का प्रबन्ध करता है, लेकिन उमश भरी गर्मी में कूलर प्रभावी नही होता, इसलिये NCRES ने उपरोक्त PNM आइटम 1/8/2013 के माध्यम से मांग किया कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के प्रधान कार्यालय के सभी ब्लाको को वातानुकूलित किया जाय ताकि कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर सके।

यह भी अवगत कराना है कि दिनाक 25/26 फरवरी 2020 के पी.एन.एम. बैठक में लम्बी चर्चा के बाद निर्णय लिया गया था कि चरणबद्ध तरीके से योजना बनाकर सभी ब्लाको को वातानुकूलित किया जायेगा किन्तु खेद का विषय है कि लगभग डेढ़ वर्ष बीतने के बाद अभी तक किसी भी ब्लाक को वातानुकूलित नही किया गया।

अतः NCRES का अनुरोध है कि प्रधान कार्यालय के सभी ब्लाको को चरणबद्ध तरीके से वातानुकूलित करने के लिये उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें जिससे कार्यरत कर्मचारियों एवं मण्डलो से आने वाले कर्मचारियों को राहत मिल सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री